amarujala.com

अमर उजाला

PAGE NO :09 TOP

# एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन के बीच फाइनल आज

**बरेली।** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मुकाबला शनिवार को एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में खेला जाएगा। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन के बीच खिताबी बिड़ंत होगी। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने बताया कि शनिवार को दोपहर तीन बजे से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ एक लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये दिए जाएंगे। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम करने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपये का पुरस्कार मिलेगा। संवाद

